भक्तों की पुकार है दुखी संसार है

भक्तों की पुकार है दुखी संसार है,
आजा मेरी काली मैया तेरा इंतजार है.....

मैया जी के मंदिर में पूजा करने जाऊँगी,
रो रो के अपनी कहानी सुनाऊंगी,
अब तो मेरी काली मैया लाज तेरे हाथ है,
आजा मेरी काली मैया तेरा इंतजार है ,
भक्तों की पुकार है दुखी संसार है,
आजा मेरी काली मैया तेरा इंतजार है.....

मैया जी के मंदिर में काली घटा छाई है,
पूजा करने वालों में मस्ती सी आई है,
कभी कभी दिन है तो कभी कभी रात है,
आजा मेरी काली मैया तेरा इंतजार है ,
भक्तों की पुकार है दुखी संसार है,
आजा मेरी काली मैया तेरा इंतजार है.....

मैया जी के मंदिर में नौकर लग जाऊँगी,
बाती के बदले मैं दिल को लगाऊँगी,
कभी कभी जीत है तो कभी कभी हार है,
आजा मेरी काली मैया तेरा इंतजार है ,
भक्तों की पुकार है दुखी संसार है,
आजा मेरी काली मैया तेरा इंतजार है.....

बीच भवंर में नैया पड़ी है,
सोचो ना समझो ये कब से पड़ी है,
कर दो इशारा मैया मेरा बेडा पार है,
आजा मेरी काली मैया तेरा इंतजार है ,
भक्तों की पुकार है दुखी संसार है,
आजा मेरी काली मैया तेरा इंतजार है.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29109/title/bhakto-ki-pukaar-hai-dukhi-sansar-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |